Title: Need to include Nunia Caste in Bihar in the Scheduled Caste list.

श्री रघुवंश प्रसाद सिंह (वैशाली): अध्यक्ष महोदय, बिहार राज्य में नुनिया जाति अति पिछड़ी जाति है और इसकी बड़ी आबादी बिहार में है। उस जाति के लोग सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक रूप से अति पिछड़े हैं। कई समाज अध्ययन संस्थानों ने सर्वेक्षण करा करके यह अनुशंसा की है कि नुनिया जाति की हालत इतनी खराब है कि उसे अनुसूचित जाति की सूची में रखा जाना चाहिए। इस आशय की अनुशंसा बिहार में अपस्थित पिछड़ा वर्ग आयोग में भी अनुशंसा दी गई थी। उस आयोग की अनुशंसा के आधार पर बिहार की राज्य सरकार ने भी केन्द्र सरकार को यह अनुसंसा भेजी है कि नुनिया जाति को अनुसूचित जाति की सूची में शामिल कर लिया जाए लेकिन अभी तक केन्द्र सरकार द्वारा उस पर कोई निर्णय नहीं लिया गया है। देश के कई अन्य राज्यों में नुनिया जाति अनुसूचित जाति की सूची में है।

अतः मैं मांग करता हूं कि शीघ्रातिशीघ्र बिहार की नुनिया जाति को अति पिछड़ी जाति की सूची से हटाकर अनुसूचित जाति की सूची में शामिल किया जाए, जिससे उनका सामाजिक आर्थिक और शैक्षणिक उन्नयन हो सके।